Total Pages : 8

H-7541

M.A. (Semester-IV) Examination, July 2022

प्रयोजनमूलक हिन्दी

(भाषा शिक्षण)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 25

निर्देशः यह प्रश्न-पत्र चार इकाईयों में विभक्त है। सभी चार इकाईयों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक इकाई में दिया गया है।

इकाई-अ

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। [10×1=10]

1. (i) भाषा शिक्षण पर आधारित डॉ. रवीन्द्र श्रीवास्तव की पुस्तक कौन-सी है?

(ii) सांकेतिक भाषा (साइन लैंगुएज) का प्रयोग किसके लिए किया जाता है?

(iii) देवनागरी शब्द की व्युत्पत्ति बताइए।

(iv) भाषा शिक्षण में द्वितीय भाषा क्या है?

(v) विदेशज शब्द से क्या तात्पर्य है?

(vi) निम्न में से देशज शब्द क्या है?

(क) पानी

(ख) लोटा

(ग) मंजरी

(घ) जलज

(vii) किसके अध्ययन में ब्रेल लिपि सहायक होती है?

(क) बधिर

(ख) मूक

(ग) हस्त-विकलांग

(घ) प्रज्ञा चक्षु

(viii) हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(क) 14 अगस्त

(ख) 14 नवम्बर

(ग) 14 सितम्बर

(घ) 15 दिसम्बर

(ix) कमल का पर्यायवाची नहीं है :

(क) जलद

(ख) जलज

(ग) नीरज

(घ) पंकज

(x) इसमें से शुद्ध शब्द को बताइए :

(क) आइए

(ख) आइये

(ग) आईये

(घ) आयिए

(xi) तत्सम शब्द का उल्लेख कीजिए :

(क) खिचड़ी

(ख) भ्रामरी

(ग) पगड़ी

(घ) ठुमरी

(xii) भाषा के लिंग निर्धारण में कौन सत्य कथन नहीं है?

(क) अंग्रेजी में चार लिंग

(ख) संस्कृत में तीन लिंग

(ग) हिंदी में दो लिंग

(घ) उपर्युक्त तीनों कथन सत्य

इकाई-ब

निर्देशः निम्नलिखित **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है : [5×2=10]

2. (i) शुद्ध वाक्य विन्यास को लिखिए।

(ii) ब्रेल लिपि के विषय में बताइए।

(iii) देवनागरी लिपि का वैज्ञानिक उच्चारण क्या है?

(iv) पर्यायवाची शब्दों का परिचय और उदाहरण दीजिए।

(v) देवनागरी लिपि की दो विषेशताओं का नामोल्लेख कीजिए।

(vi) कृत्रिम भाषा क्या है?

(vii) हिन्दीतर भाषियों की द्वितीय भाषा क्या होती है?

इकाई-स

निर्देशः निम्नलिखित **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है : [5×4=20]

3. (i) भाषा शिक्षण में कम्प्यूटरीकरण की दृष्टि से संक्षेपण का महत्त्व बताइए।

(ii) हिन्दी की देवनागरी लिपि के मानकीकरण को रेखांकित कीजिए।

(iii) भारत में द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(iv) देवनागरी लिपि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(v) भाषा के विभिन्न रूपों को बताते हुए मूक-बधिर भाषा का उल्लेख कीजिए।

(vi) भाषा विज्ञान का मूलाधार व्याकरण बोध कैसे माना जाता है? इसे स्पष्ट कीजिए।

(vii) हिन्दी भाषा के भविष्य पर अपना विचार व्यक्त कीजिए।

इकाई–द

निर्देशः निम्नलिखित **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर **500** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **दस** अंकों का है। [3×10=30]

4. (i) हिन्दी भाषा एवं शब्दावली के विविध रूपों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ii) भाषा विज्ञान के विभिन्न मूलाधार तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए।

(iii) शैली विज्ञान की परिभाषा देते हुए, शैली विज्ञान के विविध प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(iv) लिपि किसे कहते हैं? देवनागरी लिपि के इतिहास पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत कीजिए।

----x----